BSES

मॉनसून में सावधानी से करें बिजली का इस्तेमाल

बच्चों को बिजली उपकरणों के पास न जानें दें

नई दिल्लीः 24 जून, 2014। मॉनसून में बिजली संबंधी दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए बीएसईएस ने अपने 34 लाख ग्राहकों से अनुरोध किया है कि बारिश के दिनों में वे बिजली के पोल, सब–स्टेशनों, ट्रांसफॉर्मरों और स्ट्रीटलाइटों से दूर रहें। बिजली के ऐसे खंभों व उपकरणों के पास न जाएं, जहां पानी जमा हो। साथ ही, अपने बच्चों को भी बताएं कि इन उपकरणों के इर्द–गिर्द न खेलें, चाहे उपकरणों के चारों ओर जालियां ही क्यों न लगी हों।

बारिश के मौसम में बिजली संबंधी दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है।मॉनसून के दौरान स्विचों में करंट आने का खतरा रहता है। बेहतर होगा कि वे अपने घर की आंतरिक वायरिंग भी चेक करवा लें।

वैसे, बीआरपीएल और बीवाईपीएल ने अपने ट्रांसफॉर्मरों के चारों ओर जालियां लगा दी हैं। लेकिन, कई बार नशेड़ी और असामाजिक तत्व मॉनसून के दौरान ही ट्रांसफॉर्मरों की जालियां उखाड़ ले जाते हैं या फिर उन्हें क्षतिग्रस्त कर देते हैं। इसलिए, बीएसईएस ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि इन स्थितियों में वे तुरंत 39999707 (बीआरपीएल) और 39999808 (बीवाईपीएल) को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सकेः

- यदि कहीं किसी ट्रांसफॉर्मर की जाली टूटी दिखे
- कोई पोल या तार गिरी हुई नजर आए
- तार, पोल या ट्रांसफॉर्मर पर पेड़ों की कोई शाखा टूटकर गिरी दिखे

बारिश के सीजन में बिजली चोरी की वजह से भी करंट फैलने का खतरा रहता है। यह न सिर्फ बिजली की चोरी करने वालों के लिए, बल्कि उनके पड़ोसियों के जान–माल के लिए भी खतरनाक है। बीएसईएस ने आरडब्ल्यूए और आम नागरिकों से अपील की है है कि यदि उन्हें कहीं पर बिजली चोरी नजर आए, तो वे तुरंत 39999707 (बीआरपीएल) और 39999808 (बीवाईपीएल) को सूचित करें।

इसके अलावा, उपभोक्ताओं को अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर यानी ईएलसीबी लगवाने की भी सलाह दी गई है। ईएलसीबी एक छोटा, लेकिन महत्वपूर्ण उपकरण है, जो आपके घर में बिजली के छोटे से छोटे लीकेज को भी पहनान लेगा। बिजली के लीकेज का पता लगते ही ईएलसीबी ट्रिप हो जाएगी और आपके घर की बिजली को डिसकनेक्ट कर देगी। इस तरह, ईएलसीबी बिजली संबंधी बड़े हादसों को टाल सकता है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनी बीआरपीएल और बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

....